## पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई शुक्रवार के परेड की सलामी एवं पुलिस लाइन के विभिन्न शाखाओं का किया गया भ्रमण/निरीक्षण ...

आज दिनांक 19.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार की परेड में पुलिस लाइन अवस्थित परेड ग्राउण्ड में परेड की सलामी ली गयी व परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों के टर्न आउट को चेक किया गया, बाद परेड क्वार्टर गार्द में गार्द की सलामी ली गयी।

इसी क्रम में क्वार्टर गार्द/परिवहन शाखा का भ्रमण किया गया एवं खड़े वाहनों का निरीक्षण किया गया एवं साफ-सफाई से प्रसन्नता व्यक्त की गयी, तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित आवासों व बैरकों/पुलिस सब्सिडियरी कैन्टीन का निरीक्षण किया गया जहां बैरक में उपस्थित कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के विषय में वार्ता की गयी एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में ध्यान देने के इसी क्रम में डायल112 में नियुक्त पी.आर.वी. कमांडरो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय, वाचक निरीक्षक श्री अभिमन्यु यादव, प्रभारी परिवहन शाखा ललित नारायण द्विवेदी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



दिनांकः- 19.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## ...थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने फर्जी गुटखा फैक्ट्री का किया पर्दाफाश...

### मौके से पैकिंग मशीन, गुटखा रैपर, लगभग 03 क्विंटल मिक्स गुटखा सुपारी के साथ 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड व बरामदगी अभियान के क्रम मे आज दिनांक 19.02.2021 को थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शर्मा द्वारा गठित टीम जिसमें **SSI** मो0 सुल्तान , **SI** राजेन्द्र प्रकाश व कां0 तेज सिंह व कां0 रोहित कुमार कां0 जितेन्द्र कुमार विन्द व कां0 अनुज कुमार द्वारा ने अभियान में सम्मलित होकर मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुये ग्राम लुहेडी से 2 नफर अभियुक्तो को अवैध नकली अपमिश्रित गुटखा बनाते हुये मय गुटखा बनाने की मशीन व सामग्री गुटखा मिश्रण- के साथ गिरफ्तार किया । बरामदा माल व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 30/21 धारा 419/420/467/468/471/272/273 भादवि पंजीकृत किया गया एवं अभियुक्तगणों को मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।



**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. व0उ0नि0 मो0 सुल्तान 2. उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश
3. कां0 तेज सिंह 4. कां0 रोहित कुमार
5. कां0 जितेन्द्र कुमार विन्द 6. कां0 अनुज कुमार।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1.सुखलेश पुत्र मुलुआ प्रजापति उम्र 32 वर्ष नि.लुहेडी थाना श्रीनगर जिला महोबा

2. रविन्द्र पुत्र मुलायम सिंह यादव उम्र 22 वर्ष नि.ग्राम चौखटा थाना नौगांव जनपद छतरपुर म0प्र0

**बरामदगी का विवरण-**

कुल गुटखा पैकेट 3240 भरे हुये व खाली पैकट कुल 3575 , गुटखा पाउच रोल आशा 3 अदद बजन 18 किलो रैपर पाउच रोल मास्टर जी 6 किलो व 7 अदद झाल मे कुल 229 किलोग्राम मिक्स गुटखा सुपारी व गुटखा बनाने की मशीन मय तराजू बांट।

दिनांकः- 19.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## ...थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार कब्जे से अवैध शस्त्र/जिन्दा कारतूस व सूखा गांजा किया बरामद...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड व बरामदगी अभियान के क्रम मे आज दिनांक 19.02.2021 को थाना महोबकंठ थानाध्यक्ष दिनेश सिंह द्वारा गठित टीम ने अभियान में सम्मलित होकर नेशनल हाइवे 76 रोड ग्राम तेलीपहाड़ी मोड़ के बने पुल के करीब हरपालपुर की तरफ मन्दिर के सामने वहद ग्राम तेलीपहाड़ी से अभियुक्त सुरेश अहिरवार पुत्र दयाराम अहिरवार उम्र करीब 38 वर्ष को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक अदद नायाजय देशी तमंचा 12 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज के अलावा 01 किलो, 100 ग्राम सूखा गांजा बरामद करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 20/2021 धारा 3/25 **A Act** तथा मु0अ0सं0 21/2021 धारा 8/20 **NDPS ACT** में पंजीकृत करते हुये अभियुक्त को मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दशरथ सिंह
2. कां0 संदीप सिंह 3. का0 अंकेश कुमार



### गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरणः-

सुरेश अहिरवार पुत्र दयाराम अहिरवार उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम रिपनौर थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

दिनांकः- 19.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## ...थाना कबरई पुलिस टीम ने चोरी की योजना बना रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कब्जे से अवैध शस्त्र/जिन्दा कारतूस व सूखा गांजा किया बरामद...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध धरपकड व बरामदगी अभियान के क्रम मे आज दिनांक 19.02.2021 को थाना कबरई दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने अभियान में सम्मलित होकर मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बनाते हुये अभियुक्तगण क्रमशः 1. बड्डन उर्फ लव कुमार कोरी पुत्र राज कुमार उम्र 26 वर्ष नि0 ग्राम मकरबई थाना कबरई महोबा 2. संतोष कुमार पुत्र श्यामविहारी राजपूत उम्र 28 वर्ष नि0 ग्राम वमरारा थाना चरखारी महोबा 3. पवन सिंह पुत्र स्व सुभाष सिंह उम्र 25 वर्ष ग्राम सिडरा थाना कोतवाली हमीरपुर जिला हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया जिस पर इनके कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व एक बण्डल मे 5.2 किलो सूखा गांजा दो अदद सब्बल छोटे बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 70/21 धारा 401/120 बी भादवि, मु0अ0सं0 71/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 72/2021 धारा 8/20 **NDPS ACT** पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सुमित नारायण तिवारी
2. आरक्षी अवनेश कुमार
3. आरक्षी धर्मेन्द्र यादव
4. आरक्षी गौरव बरसैंया
5. आरक्षी रणजीत कुमार सिंह




### गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों का विवरणः-

1. बड्डन उर्फ लव कुमार कोरी पुत्र राज कुमार उम्र 26 वर्ष नि0 ग्राम मकरबई थाना कबरई महोबा
2. संतोष कुमार पुत्र श्यामविहारी राजपूत उम्र 28 वर्ष नि0 ग्राम वमरारा थाना चरखारी महोबा
3. पवन सिंह पुत्र स्व सुभाष सिंह उम्र 25 वर्ष ग्राम सिडरा थाना कोतवाली हमीरपुर जिला हमीरपुर

दिनांकः- 19.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत नोडल अधिकारी निरीक्षक रचना सिंह ने सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक...।

### आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत ग्राम सालट में आयोजित किया गया कार्यक्रम

आज दिनाँक 19.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सालट में आयोजित मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहना होगा, आज के समय में महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice @Uppolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।












## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा पनवाड़ी में पैदल गस्त के दौरान की गई संदिग्धों की चेकिंग एवं लोगो से वार्ता





आज दिनाँक 19.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री कालू सिंह मय पनवाड़ी पुलिस बल के साथ पनवाड़ी कस्बे के सर्राफा बाजार/बस-स्टैण्ड/मुख्य बाजार आदि जगहो पर पैदल गस्त की गई। गस्त के दौरान संदिग्धों की चेकिंग व पूछताछ की गई एवं आनजन से वार्ता कर उनका हाल-चाल जाना गया। इसके साथ ही समस्त थानों द्वारा अपने क्षेत्र में पैदल गस्त के दौरान बिना नं0 व संदिग्ध वाहनो को रोककर पूछताछ व चेकिंग की गई। पैदल गस्त का उद्देश्य आमजन मानस को सुरक्षा का अहसास दिलाना व अराजक तत्वों पर नजर रखना है। साथ ही यातायात नियमों के तहत **04 वाहनों से 400/-रु0 शमन-शुल्क व 75 ई-चालान** किये गये।





